संख्या-167/2015/2592/नौ-5-15-125बजट/2015

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, पुरवा (उन्नाव), झालू/बढ़ापुर (बिजनौर), चरथावल/सिसौली (मुजफफरनगर), गढ़ीपुख्ता (शामली) तथा कासगंज (सिढपुरा)।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक 27 मई, 2015

विषय:-वित्तीय वर्ष 2015-16 में नगरीय जल निकासी योजना के अन्तर्गत निकायों को द्वितीय/आगामी किश्त की धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **'नगरीय जल निकासी योजना'** के अन्तर्गत प्रदेश की विभिन्न निकायों को विभिन्न शासनादेशों द्वारा जल निकासी हेतु नालों के निर्माण के लिये उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यों की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम/आगामी किश्त की धनराशि अवमुक्त की गई है। सन्दर्भित निकाय द्वारा प्रथम/द्वितीय किश्त की धनराशि का उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराते हुए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया है। अतः सूचीबद्ध प्रश्नगत निकाय को उनके अनुरोध के क्रम में वित्तीय वर्ष 2015-16 में चालू कार्यों हेतु द्वितीय/आगामी किश्त के रूप में कुल **₹ 200.00 लाख (₹ दो करोड़ मात्र)** की धनराशि निम्नांकित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि लाख ₹ में)

क्र0	जनपद	नागर निकाय का नाम	निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का शासनादेश एवं दिनांक	निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि	द्वितीय किश्त/ आगामी किश्त के रूप में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	उन्नाव	नगर पचायत, पुरवा	24/2015/780/नौ-5-15-358बजट /2014-2, दिनांक 24.02.2015	120.00	60.00	60.00
2	बिजनौर	नगर पंचायत, झालू	26/2015/6203/नौ-5-14-358 बजट/2014 दिनांक 24.02.2015	40.00	20.00	20.00
3	बिजनौर	नगर पंचायत, बढ़ापुर	26/2015/6203/नौ-5-14-358 बजट/2014 दिनांक 24.02.2015	30.00	15.00	15.00
4	मुजफ्फर नगर	नगर पंचायत, चरथावल	26/2015/6203/नौ-5-14-358 बजट/2014 दिनांक 24.02.2015	40.00	20.00	20.00
5	मुजफ्फर नगर	नगर पंचायत, सिसौली	26/2015/6203/नौ-5-14-358 बजट/2014 दिनांक 24.02.2015	100.00	50.00	50.00
6	शामली	नगर पंचायत, गढ़ीपुख्ता	26/2015/6203/नौ-5-14-358 बजट/2014 दिनांक 24.02.2015	30.00	15.00	15.00
7	कासगंज	नगर पंचायत, सिढपुरा	36/2015/867/नौ-5-15-358बजट /2014-3, दिनांक 27.02.2015	40.00	20.00	20.00
			योग			200.00

(₹ दो करोड़ मात्र)

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे सम्बन्धित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा निकायों के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। यह कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित की जायेगी तथा निकाय द्वारा बीजक प्रस्तुत किये जाने की तिथि से तीन दिवस के अन्दर धनराशि निकाय के खाते में अन्तरित कर दी जायेगी।

(2) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी भी दशा में धनराशि का व्यवर्तन अन्य किसी कार्य में नहीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

(3) स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र कार्यालय महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद एवं निदेशक, स्थानीय निकाय/शासन को <u>दिनांक 31 मार्च, 2016</u> तक संबंधित निकाय/कार्यदायी संस्थाद्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) वित्तीय मामलों में संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/ लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो में किसी प्रकार का विचलन हो तो संबंधित वित्त नियंत्रक इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामलें की सूचना पूर्ण विवरण सहित तुरन्त प्रशासकीय तथा वित्त विभाग को दी जायेगी।

(5) प्रश्नगत निकायों को जिन शासनादेशों के माध्यम से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्न की धनराशि अवमुक्त की गयी है, उन शासनादेशों में उक्त के अतिरिक्त उल्लिखित शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

2- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनागत लेखाशीर्षक ***"2215-जलापूर्ति तथा सफाई-02-मलजल तथा सफाई-193-नगर पंचायतों/अधिसूचित क्षेत्र या उनके समतुल्य निकायों को सहायता-04-उ0प्र0 व्यापार विकास निधि से व्यय-0402-नगरीय जल निकासी कार्य-35-पूंजीगत परिसम्पित्तयों के सृजन हेतु अनुदान"*** के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या-167/2015/2592 (1)/नौ-5-15-125बजट/2015, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- संबंधित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश ।
3- संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
4- संबंधित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
5- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, इन्दिरा भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- निदेशक, सीएण्डडीएस, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
7- सम्बन्धित अध्यक्ष, नगर पंचायत, उत्तर प्रदेश।
8- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
9- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
10- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
11- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2015-2016

आवंटन दिनांक-27/05/2015

प्रेषण संख्या:- 167-2015

आवंटन आदेश संख्या:- 001-167-2015-2592-9-5-15-125Bud-15

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2015-2016 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2215 - जल पूर्ति तथा सफाई(आयोजनागत-मतदेय)

02 - मल-जल तथा सफाई

193 - नगर पंचायतों / अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उनके समतुल्य

04 - उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय

02 - नगरीय जल निकासी कार्य

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	मुज़फ्फर नगर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	7000000 7000000	7000000 7000000
2	बिजनौर-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	3500000 3500000	3500000 3500000
3	उन्नाव-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	6000000 6000000	6000000 6000000
4	कांसगंज-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	2000000 2000000	2000000 2000000
5	शामली-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	1500000 1500000	1500000 1500000
	योग	वर्तमान प्रगामी	20000000 20000000	20000000 20000000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया दो करोड़

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया दो करोड़

(उमा शंकर सिंह)

संयुक्त सचिव